# Ch. Ishwar Singh Kanya Mahavidyalaya
Fatehpur Pundri, Distt. Kaithal (Haryana) 136026
'A' Grade NAAC Accredited
(Affiliated to Kurukshetra University, Kurukshetra)
Web. : www.ciskmv.com E-mail: ciskmv1@gmail.com Office: 83075-38629


## *एंटी-रैगिंग सप्ताह के तहत छात्राओं को किया जागरूक*

चौ. ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय, फतेहपुर-पूंडरी में एंटी-रैगिंग सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को रैगिंग जैसी कुप्रथा के प्रति जागरुक करना तथा महाविद्यालय परिसर में अनुशासन, आपसी सम्मान एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्रबंधक समिति के प्रधान चौ. तेजवीर सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि रैगिंग एक अपराध है और हमें इसमें शामिल नहीं होना चाहिए। उन्होंने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। प्राचार्या महोदया डॉ. शकुंतला सिंगला ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें रैगिंग जैसे कार्यों में संलिप्त न होकर परस्पर सौहार्द का परिचय देना चाहिए ताकि हम सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण बना सकें। सप्ताह के दौरान छात्राओं के लिए जागरुकता व्याख्यान, शपथ ग्रहण, पोस्टर एवं स्लोगन लेखन, संवादात्मक गतिविधियां तथा पोस्टर हस्ताक्षर का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं को रैगिंग के दुष्परिणामों और रैगिंग से संबंधित नियमों एवं दंडात्मक प्रावधानों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रैगिंग के विरुद्ध अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की और कहा कि नए छात्राओं का स्वागत प्रेम, सहयोग और सम्मान के साथ किया जाना चाहिए, न कि किसी प्रकार के मानसिक या शारीरिक उत्पीड़न के माध्यम से। कार्यक्रम संयोजिका डॉ. सोनिया दहिया तथा सह- संयोजिका डॉ. रीना गोरा ने छात्राओं से अपील की कि वे रैगिंग की किसी भी घटना का विरोध करें तथा ऐसी गतिविधि की जानकारी तुरंत एंटी रैगिंग अधिकारी को दें। कार्यक्रम के दौरान सभी ने "रैगिंग मुक्त महाविद्यालय" बनाने का संकल्प लिया।

एंटी-रैगिंग सप्ताह का आयोजन छात्राओं में जिम्मेदारी, संवेदनशीलता एवं सकारात्मक व्यवहार की भावना विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रहा।

# Ch. Ishwar Singh Kanya Mahavidyalaya

Fatehpur Pundri, Distt. Kaithal (Haryana) 136026
'A' Grade NAAC Accredited
(Affiliated to Kurukshetra University, Kurukshetra)
Web. : www.ciskmv.com E-mail: ciskmv1@gmail.com Office: 83075-38629



# Ch. Ishwar Singh Kanya Mahavidyalaya

Fatehpur Pundri, Distt. Kaithal (Haryana) 136026
'A' Grade NAAC Accredited
(Affiliated to Kurukshetra University, Kurukshetra)
Web. : www.ciskmv.com E-mail: ciskmv1@gmail.com Office: 83075-38629



# Ch. Ishwar Singh Kanya Mahavidyalaya

Fatehpur Pundri, Distt. Kaithal (Haryana) 136026

'A' Grade NAAC Accredited

(Affiliated to Kurukshetra University, Kurukshetra)

Web. : www.ciskmv.com E-mail: ciskmv1@gmail.com Office: 83075-38629


---


पानीपत, वीरवार
20 अगस्त, 2026
हरियाणा
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 14+4=18

**दैनिक जागरण**

www.jagran.com





सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए से पूछा- नीट में सुधार के लिए क्या कदम उठाए 9

भारत ने जीता 600वां टेस्ट, सुथार ने झटके 10 विकेट 12


# एंटी-रैगिंग सप्ताह : छात्राओं को किया जागरूक

- कार्यक्रम का उद्देश्य अनुशासन, सौहार्दपूर्ण वातावरण को बढ़ावा देना
- व्याख्यान, शपथ ग्रहण, पोस्टर व स्लोगन लेखन स्पर्धा हुई




रैगिंग के दुष्परिणामों पर तैयार पोस्टर दिखाती कालेज की छात्राएं • जागरण

**संवाद सहयोगी, जागरण • पूंडरी :** चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय, फतेहपुर-पूंडरी में एंटी-रैगिंग सप्ताह के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को रैगिंग जैसी कुप्रथा के प्रति जागरूक करना तथा महाविद्यालय परिसर में अनुशासन, आपसी सम्मान एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्रबंधक समिति के प्रधान एवं पूर्व विधायक तेजवीर सिंह ने किया।

उन्होंने कहा कि रैगिंग एक अपराध है और हमें इसमें शामिल नहीं होना चाहिए। उन्होंने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। प्राचार्या डा. शकुंतला सिंगला ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें रैगिंग जैसे कार्यों में संलिप्त न होकर परस्पर सौहार्द का परिचय देना चाहिए ताकि हम सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण बना सकें। सप्ताह के दौरान छात्राओं के लिए जागरूकता व्याख्यान, शपथ ग्रहण, पोस्टर एवं स्लोगन लेखन, संवादात्मक गतिविधियां तथा पोस्टर हस्ताक्षर का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं को रैगिंग के दुष्परिणामों और रैगिंग से संबंधित नियमों एवं दंडात्मक प्रावधानों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम संयोजिका डा. सोनिया दहिया तथा सह-संयोजिका डा. रीना गोरा ने छात्राओं से अपील की कि वे रैगिंग की किसी भी घटना का विरोध करें तथा ऐसी गतिविधि की जानकारी तुरंत एंटी रैगिंग अधिकारी को दें।

पंजाब केसरी
THU,20 AUGUST 2026
EDITION: KAITHAL KESARI, PAGE NO. 4


## छात्राओं ने लिया रैगिंग मुक्त महाविद्यालय बनाने का संकल्प

पूंडरी, 19 अगस्त (अतुल): चौ. ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय फतेहपुर-पूंडरी में एंटी-रैगिंग सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्रबंधक समिति के प्रधान तेजवीर सिंह ने किया। उन्होंने छात्राओं से कहा कि रैगिंग एक अपराध है और किसी भी विद्यार्थी को इसमें शामिल नहीं होना चाहिए।

उन्होंने छात्राओं से अनुशासन का पालन करने तथा नए विद्यार्थियों के साथ प्रेम और सम्मान से व्यवहार करने का आह्वान किया। प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला ने कहा कि रैगिंग जैसी गतिविधियों से दूर रहकर छात्राओं को आपसी सहयोग और सौहार्द की भावना को मजबूत करना चाहिए।

सप्ताह के दौरान छात्राओं के लिए जागरूकता व्याख्यान, शपथ ग्रहण, पोस्टर एवं नारा लेखन, संवादात्मक गतिविधियां तथा पोस्टर हस्ताक्षर कार्यक्रम आयोजित किए गए।



*एंटी-रैगिंग सप्ताह के दौरान प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला व स्टाफ के साथ छात्राएं। (अतुल)*

इन गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं को रैगिंग के दुष्परिणामों के साथ-साथ इससे संबंधित नियमों और दंडात्मक प्रावधानों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रैगिंग के विरुद्ध अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान सभी ने 'रैगिंग मुक्त महाविद्यालय' बनाने का संकल्प लिया।